बिहार में रेल परियोजनाओं का निर्माण पूरा किया जाना

287. श्री आस मोहम्मद : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार में पूरी की गई तथा निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान पूरी की गई तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं पर परियोजना-वार और वर्ष-वार कितना-कितना व्यय हुआ है;

(ग) पूरी की गई परियोजनाओं की परियोजना-वार प्रारंभिक अनुमानित लागत तथा अंतिम लागत कितनी-कितनी थी;

(घ) जून, 1994 तक निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रारंभिक अनुमानित लागत तथा नवीनतम अनुमानित लागत कितनी-कितनी है ; और

(ङ) निर्माणाधीन परियोजनाओं अथवा वर्ष 1994–95 के दौरान शुरू की जाने वाली परियोजनाओं हेतु परियोजना-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

रेल मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ) (क) से (ङ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

रेलवे की भूमि का अधिक्रमण

288. श्री ईश दत्त यादव :
श्री आस मोहम्मद :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न रेलव जोनों में रेल-पथ के दोनों ओर की भूमि के अधिकतम अधिक्रमण के कारण रेलगाड़ियों की सामान्य सेवायें भी प्रभावित हो रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस प्रकार के अधिक्रमणों को हटाने के लिये किये गये अथवा किये जाने वाले प्रस्तावित प्रभावी उपायों का जोन-वार ब्यौरा क्या है ; और

यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ): (क) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

उत्तर प्रदेश की शाहगंज माऊ–बलिया रेल लाईन के आमान परिवर्तन में विलंब

289. श्री ईशदत्त यादव: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश की शाहगंज माऊ–बलिया रेल लाइन के आमान परिवर्तन में हो रहे विलंब की ओर आकर्षित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इसके कब तक पूरा होने की: सभावना है ?

रेल मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) परियोजना योजना आयोग को भेजी गयी है और उनका अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर कार्य शुरू किया जायेगा।

मुम्बई में स्थानीय रेलगाड़ियों का चलाया जाना

290. श्री सुशीलकुमार संभाजीराव शिन्दे: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई में प्रत्येक चार मिनट के अंतराल पर एक स्थानीय रेलगाड़ी चलाई जा रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि विभिन्न संगठनों तथा महाराष्ट्र सरकार ने प्रत्येक तीन मिनट के अंतराल पर एक स्थानीय रेलगाड़ी चलाये जाने का अनुरोध किया है ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(घ) इस मामले में सरकार ने क्या निर्णय लिया है ; और

(ङ) मुम्बई के लोगों को प्रत्येक तीन मिनट के अंतराल पर चलने वाली स्थानीय रेलगाड़ियों की सुविधा कब उपलब्ध होगी ?

रेल मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ): (क) और (ख) जी हां।

(ग) से (ङ) बम्बई में कुछ खंडों पर व्यस्त समय के दौरान प्रत्येक तीन मिनट